स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 17.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मंत्री, विधायक, जिलाधीश, आयुक्त, जनप्रतिनिधि ने किया विभिन्न जगहों पर श्रमदान

भिलाईनगर/ आज स्वच्छता ही सेवा अभियान का थीम सेवा दिवस के रुप में मनाने के लिए नगर के प्रमुख स्थलों में श्रमदान द्वारा सफाई अभियान चलाना, नगर में डोर टु डोर कचरा संग्रहण का कार्य प्रारंभ करना एवं नगर भ्रमण कर गीला एवं सुखा कचरा पृथक–पृथक डस्टबीन में देने संबंधी हेण्डबील्स का वितरण प्रमुख विषय था। जिसमें सभी जोनों में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा एवं उसके आसपास की सफाई का कार्य रुप लिया गया। प्रातः 7 बजे भेलवा तालाब नेहरु नगर में छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक विद्यारतन भसीन, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, निगम के पार्षदगण, एल्डरमेन, जिलाधीश उमेश अग्रवाल, आयुक्त के0एल0 चौहान, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नेहरु नगर तालाब के उद्यान की सफाई की। लाफिंग क्लब के प्रतिनिधियों ने मांग की, कि ओपन जीम, शौचालय के आधुनिकीकरण, पाथवे का मरम्मत, आदि जिसे मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक विद्यारतन भसीन ने समयानुसार आयुक्त के0एल0 चौहान को पुर्ण करने को कहा। उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को श्रमदान दिवस के रुप में मनाने का संकल्प लिया।

लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला पहुंचकर वार्डों का भ्रमण किये वहॉ कि सफाई व्यवस्था का जायजा लिये जिलाधीश उमेश अग्रवाल ने डॉक्टरों से कहा कि सीधे वार्ड में जायेंगे और मरीजो से जानकारी प्राप्त करेंगे कि उनका उपचार ठीक से हो रहा है कि नहीं। मरीजों को मंत्री पाण्डेय, विधायक भसीन ने फल वितरण करके उनका कुशल क्षेम पुछे, उसके बाद पावर हाउस अंम्बेडकर चौक पहुंचकर प्रतिमा की साफ–सफाई करते हुए माल्यार्पण किये। तिरंगा चौक छावनी में जाकर सड़क पर सफाई न करके शा0स्कुल को खुलवाकर शा0स्वास्थ्य केन्द्र छावनी की सफाई किये बहुत दिन से बंद पड़े केन्द्र को आंगनबाड़ी के लिए सुझाव को अमल करने को कहा। स्थानीय क्रिकेट खेलने वाले बच्चों ने आकर सफाई अभियान में सहयोग करते हुए मंत्री से खेलने के लिए क्रिकेट सामग्री मांग की जिसे मंत्री ने कहा कि तुम लोग अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करो और अच्छे से खेलों स्कुल में साफ–सफाई रखों क्रिकेट किट के साथ–साथ सब कुछ मिलेगा।

महापुरुषों की प्रतिमा की सफाई अभियान के तहत् सम्राट अशोक चौक पहुंचकर वहॉ कि साफ–सफाई किये, सम्राट अशोक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित बी0एस0एफ0 के जवानों को सम्बोधित करते हुए मंत्री पाण्डेय ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देन है कि सफाई को हम एक जन आंदोलन के रुप में ले लिए है दिल्ली के शा0ऑफिस हो या राज्य शासन के ऑफिस, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, सभी सार्वजनिक स्थलों पर साफ–सफाई दिखने लगी है कोई गलती से भी कचरा फेंकने से पहले सोचता जरुर है कि फेंकु की नहीं फेकुं कहीं कोई देख तो नहीं रहा है बड़ो से ज्यादा बच्चे जागरुक हो गये है अपने माता–पिता को गंदगी फैलाने से टोक देते हैं।

जवाहर लाल नेहरु शा0उ0मा0 विद्यालय में समापन के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिकगण, स्कुल के स्काउट एवं एन.सी.सी. के बच्चों से जब जानकारी मिली कि जिलाधीश उमेश अग्रवाल के पहल पर स्वच्छता नोनी टोली का गठन किया गया है जिसमें स्कुल की छात्राएं पांच–पांच के ग्रुप में दस–दस के घरों में जाती हैं सभी घरों में गीला कचरा हरे डस्टबीन में सुखा कचरा नीले डस्टबीन में डालने को समझाईस देती है लोगों को जागरुक करती है। स्कुली छात्रा आरती ने बताया कि कुछ महिलाएं डाटती हैं कि बहुत ज्ञान मत बघारों । इसपर मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने छात्राओं को समझाईस दी कि आप लोग जो कोई भी कचरा रोड में या नाली में फेकते हुए दिखे उन्हे आंटी सेम–सेम कहकर ताली बजाना अगर कोई विरोध करे तो मेरा मोबाईल नम्बर लो सीधे हमको फोन करना मैं सबको समझा दुंगा। स्कुल के कार्यों से खुश होकर मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, जिलाधीश उमेश अग्रवाल

ने कहा कि यदि स्कुल के दसवीं व बारहवीं बोर्ड के सभी छात्र–छात्राएं 60 प्रतिशत से अधिक अंक फर्स्ट डिवीजन में उत्तीर्ण होते हैं तो 25 लाख का विकास कार्य आपके स्कुल में ही कराया जायेगा। इसी प्रकार अन्य शा0 स्कुलों को चुनौती देते हुए कहा कि जो भी स्कुल इस लक्ष्य को हासिल करेंगे उन्हे भी इतना ही पुरुस्कार प्रदान किया जायेगा। आयुक्त के0एल0 चौहान ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, जिला शिक्षा अधिकारी आशुतोष चौरे, स्कुली बच्चों, गणमान्य नागरिकों से कहा कि यदि हम लोग यह संकल्प लें कि अपने घरों से निकलने वाला कचरा इधर–उधर न फेंककर निगम के सफाई मित्र को देने का संकल्प लें चौक चौराहों सार्वजकि स्थलों पर गंदगी न फैलाये तो हमारा नगर अवश्य स्वच्छता के रैंकिंग में पहले से आगे हो जायेगा।

जन सम्पर्क विभाग